प्रादेशिक समाचार

24.09.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वर्चुअल माध्यम से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुजरात के वडनगर से उत्तर प्रदेश के वाराणसी तक सेवा यात्रा कर रहे प्रतिभागियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताते हुए युवाओं से आचरण से सेवा का संदेश देने की अपील की।

********************

राज्यपाल–सह–कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के तीसरे दीक्षांत समारोह में कहा कि 142 स्वर्ण पदक पाने वालों में 93 छात्राएं हैं, जो बदलते भारत की प्रेरक तस्वीर है। उन्होंने डॉ. मुखर्जी को शिक्षाविद् और राष्ट्र निर्माता बताते हुए कहा कि विद्या ददाति विनयम् की परंपरा के साथ ज्ञान को विनम्रता, तर्क और संस्कार से जोड़ना चाहिए। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से एआई, डिजिटल और बायो–टेक युग में तकनीक के रचनात्मक उपयोग पर जोर दिया।

********************

राज्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को 22 सितंबर तक नए मतदाता बनने के लिए फॉर्म छह के माध्यम से 5 लाख 93 हजार 855 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें 23 सितंबर को एक दिन में छह हजार 537 आवेदन मिले हैं। नाम हटाने के लिए फॉर्म सात के माध्यम से 9 हजार 721 आपत्तियां और सुधार के लिए फॉर्म आठ के माध्यम से 3 लाख 95 हजार 100 आवेदन प्राप्त हुए हैं। एसआईआर के तहत दावा और आपत्ति भेजने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है, जबकि मतदाता सूची का प्रकाशन 19 अक्टूबर को होगा।

********************

जमशेदपुर के मरीन ड्राइव पर आज तड़के हुए एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की बेटी तृषा सिंह भी शामिल हैं। पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि कार सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे जा टकराई, जिससे यह हादसा हुआ।

इधर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई राजनेताओं ने इस हृदयविदारक घटना पर संवेदना व्यक्त की है।

********************

वित्त मंत्रालय ने आगामी 28 से 30 सितंबर तक बैंक कर्मियों की प्रस्तावित तीन दिवसीय हड़ताल को देखते हुए रविवार को बैंक खोलने का निर्देश दिया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार ग्राहकों की सुविधा के लिए सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक रविवार 27 सितम्बर को खुले रहेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी बैंक शाखाओं, कार्यालयों, एटीएम से जुड़ी शाखाओं और करेंसी चेस्ट को रविवार को पूरी तरह चालू रखने की मंजूरी दी है।

********************

बोकारो में पुलिस की त्वरित कार्रवाई से करीब 40 पीड़ितों की ठगी की रकम वापस कराने की प्रक्रिया तेज हो गई है। मुख्यालय डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि विभिन्न खातों में ठगी के करीब 23 लाख रुपये होल्ड कराए गए हैं। पुलिस ने पीड़ितों से अपील की है कि साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते राशि को ब्लॉक और रिकवर किया जा सके।

********************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए सैंपल पेपर और मार्किंग स्कीम आधिकारिक तौर पर जारी कर दी है। छात्र और शिक्षक सीबीएसई की आधिकारिक एकेडमिक वेबसाइट पर जाकर विषय–वार सैंपल पेपर और उत्तर कुंजी डाउनलोड कर सकते हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि सत्र 2026–27 के लिए असेसमेंट स्कीम, प्रश्न पत्रों के डिजाइन और पासिंग क्राइटेरिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

********************

खान एवं खनिज संशोधन विधेयक के खिलाफ राजद कार्यकर्ताओं ने आज पाकुड़ समाहरणालय के समक्ष धरना दिया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने विधेयक को वापस लेने की मांग की और राष्ट्रपति के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

**********समाप्त************